Il Jai Sri Gurudev Il
Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

## अभ्यास पत्रिका उत्तर कुंजी - 1

**विषय : हिंदी** **कक्षा: ६** **दिनांक –**
**व्याकरण: वर्ण विचार, वाक्य, विलोम शब्द**

**प्रश्न 1. बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

(क) निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त व्यंजन है?
(i) क (ii) अ **(iii) क्ष** (iv) म

(ख) "क्या तुम आज विद्यालय जाओगे?" यह कौन-सा वाक्य है?
(i) आज्ञावाचक (ii) विधानवाचक **(iii) प्रश्नवाचक** (iv) इच्छावाचक

(ग) ' अनुज' किस शब्द का विलोम है?
(i) पराजय (ii) उन्नति **(iii) अग्रज** (iv) प्रगति

(घ) निम्नलिखित में से कौन-सा सरल वाक्य है?
(i) मैं बाजार गया और फल खरीद लाया।
(ii) जो परिश्रम करता है, वह सफल होता है।
**(iii) सूर्य पूर्व से निकलता है।**
(iv) यदि वर्षा होगी, तो हम नहीं जाएँगे।

(ङ) **कथन (A):** "ईश्वर तुम्हें दीर्घायु प्रदान करे।" इच्छावाचक वाक्य है।
**कारण (R):** इच्छावाचक वाक्य में इच्छा, आशीर्वाद या कामना का भाव व्यक्त होता है।
**(i) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही कारण है।**
(ii) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का सही कारण नहीं है।
(iii) A सही है, R गलत है।
(iv) A गलत है, R सही है।

(च) **कथन (A):** 'क्ष' को संयुक्त व्यंजन कहा जाता है।
**कारण (R):** यह 'क्' और 'ष' के मेल से बना है।
**(i) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही कारण है।**
(ii) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का सही कारण नहीं है।

(iii) A सही है, R गलत है।
(iv) A गलत है, R सही है।

**प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

(क) जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी अन्य वर्ण की सहायता से होता है, उन्हें **स्वर** कहते हैं।
(ख) "आकाश" का विलोम शब्द **पाताल** है।
(ग) रचना के आधार पर वाक्य के **तीन** भेद होते हैं।
(घ) जिस वाक्य से किसी इच्छा, आशीर्वाद अथवा कामना का बोध हो, उसे **इच्छावाचक**वाक्य कहते हैं।

**प्रश्न 3 सही या गलत लिखिए**

(क) 'ऋ' एक दीर्घ स्वर है। (**गलत**)
(ख) 'क्ष' को संयुक्त व्यंजन माना जाता है। (**सही**)
(ग) मिश्र वाक्य में एक प्रधान तथा एक या अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं। (**सही**)
(घ) "निराशा" का विलोम शब्द "आशा" है। (**सही**)
(ङ) "विद्यार्थी पुस्तक पढ़ रहा है।" यह संयुक्त वाक्य है। (**गलत)**

**प्रश्न 4 निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए:**

(क) स्वतंत्रता - **स् + व + त + न् + त् + र + त + आ**
(ख) ज्ञानोदय - **ज् + ञ + आ + न + ओ + द +अ + य + अ**
(ग) पराधीन - **प + अ + र + आ + ध + ई + न + अ**
(घ) महात्मा - **म + अ + ह + आ + त् + म + आ**

**प्रश्न 5 विलोम शब्द लिखिए:**

(क) एकता - **अनेकता** (ख) स्वाधीन – **पराधीन** (ग) शिष्ट - **अशिष्ट**
(घ) चिंतित - **निश्चिंत** (ङ) राजा - **रंक**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्य के भेद पहचानिए:-**

(क) क्या तुमने महात्मा गांधी के बारे में पढ़ा है? **प्रश्नवाचक**
(ख) ईश्वर करे, तुम जीवन में सदैव सफल हो। **इच्छावाचक**
(ग) कृपया पुस्तकालय में शांति बनाए रखें। **आज्ञावाचक**
(घ) अहा! आज का मौसम कितना मनमोहक है। **विस्मयादिवाचक**
(ङ) हमें अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। **विधानवाचक**

**प्रश्न 7. दिए गए वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए**

(क) तुम प्रतिदिन योग करते हो। **(**प्रश्नवाचक वाक्य)

**क्या तुम प्रतिदिन योग करते हो?**

(ख) क्या तुमने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया? (विधानवाचक वाक्य)

**तुमने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया।**

(ग) तुम अपने बड़ों का सम्मान करो। (इच्छावाचक वाक्य)

**ईश्वर करे, तुम अपने बड़ों का सदैव सम्मान करो।**

(घ) वाह! भारत ने मैच जीत लिया। (विधानवाचक वाक्य)

**ईश्वर करे, तुम अपने बड़ों का सदैव सम्मान करो।**